# सातवां संचालित एक्सप्रेसवे होगा लिंक एक्सप्रेसवे

जासं, गोरखपुर : मुख्यमंत्री योगी के हाथों शुक्रवार को लोकार्पित होने जा रहा गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे उत्तर प्रदेश का सातवां संचालित एक्सप्रेसवे होगा। इन सात में से पांच का निर्माण योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने के बाद बीते आठ सालों में हुआ है। वर्तमान में तीन एक्सप्रेसवे निर्माणाधीन हैं जबकि आठ नए एक्सप्रेसवे का निर्माण होना प्रस्तावित है। इसके साथ ही यूपी देश में सबसे लंबे एक्सप्रेसवे वाला राज्य बन चुका है। ये एक्सप्रेसवे प्रदेश के विकास को रफ्तार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

वर्तमान में संचालित एक्सप्रेसवे

1- पूर्वांचल एक्सप्रेसवे : लखनऊ से गाजीपुर (341 किमी)

2- बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे : चित्रकूट से इटावा (296 किमी)

3- आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे : आगरा से लखनऊ (302 किमी)

4- यमुना एक्सप्रेसवे : ग्रेटर नोएडा से आगरा (165 किमी)

5- दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे : मेरठ से दिल्ली (82 किमी)

6- नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे (25 किमी)